**अथवा**

'मैला आँचल'' में चित्रित सामाजिक जीवन पर प्रकाश डालिए ।

(ख) क्या 'गोदान' को भारतीय कृषक जीवन का दस्तावेज कहना उचित होगा ? सोदारण स्पष्ट कीजिए ।

**अथवा**

'मैला आँचल' उपन्यास आंचलिक होते हुए भी भारतीय ग्राम्य जीवन का दर्पण है''- इस कथन के आधार पर मेरीगंज के सामाजिक सम्बन्धों पर प्रकाश डालिए ।

(ग) 'मेहता बुद्धिजीवी, आदर्शवादी और कर्मठ व्यक्ति हैं ।' इस कथन की व्याख्या करते हुए मेहता का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

**अथवा**

'धनिया कठोर किन्तु स्नेहशील नारी है ।' इस कथन के आलोक में धनिया का चरित्र-चित्रण कीजिए ।



**Roll No. ......................** **Exam Code : J-21**

# Subject Code—52800

## M. A. EXAMINATION

(Re-appear) (Batch 2017-2019)

(First Semester)

HINDI (Compulsory)

Hi-103

Adhunik Gadya Sahitya

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks :* 80

**नोट** : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**खण्ड 'क'**

**1.** निम्नलिखित गद्यांशों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **3×7=21**

(क) वे रूहें चुपचाप धुंध के समुद्र में बढ़ती जा रही हैं-बसों में भीड़ है । लोग ठंडी सीटों पर सिकुड़े बैठे हैं और कुछ लोग बीच में ही ईसा की तरह सलीब पर लटके हुए हैं-बाँहें पसारे, उनकी

हथेलियों में कीलें नहीं, बस की बर्फीली, चमकदार छड़ें हैं ।

**अथवा**

''हाँ, अब ठीक है । पानी पिला दे । बस । अबके हाड में यह आम खूब फलेगा । चाचा-भतीजा दोनों यहीं बैठकर आम खाना । जितना बड़ा तेरा भतीजा है, उतना ही यह आम है । जिस महीनें उसका जन्म हुआ था, उसी महीने में मैंने इसे लगाया था ।''

(ख) यह खेती का मजा है और एक-एक भागवान ऐसे पड़े हैं जिनके पास जाड़ा जाए तो गरमी से घबड़ा कर भागे । मोटे-मोटे गद्दे, लिहाफ, कम्बल । मजाल है, जाडे का गुजर हो जाये। तकदीर की खूबी है । मजूरी हम करें, मजा दूसरे लूटें ।

**अथवा**

फिर एकाएक मेरे मन ने, समूचे अस्तित्व ने, विद्रोह के स्वर में कहा—कहा मेरे मन ने भीतर ही, बाहर एक शब्द भी नहीं निकला—माँ । युवती माँ ! युवती माँ ! यह तुम्हारे हृदय को क्या हो गया है जो तुम एक मात्र बच्चे के गिरने पर ऐसी बात कह सकती हो......और यह अभी, जब तुम्हारा सारा जीवन तुम्हारे आगे है ।



(ग) उन्होंने अनुभव किया कि वह पत्नी व बच्चों के लिए केवल धनोपार्जन के निमित्त मात्र हैं । जिस व्यक्ति के अस्तित्व से पत्नी माँग में सिंदूर डालने की अधिकारी है, समाज में उसकी प्रतिष्ठा है, उनके सामने वह दो वक्त भोजन की थाली रख देने से सारे कर्त्तव्यों से छुट्टी पा जाती है ।

**अथवा**

भीड़ भय से चीखकर ओट में भागती हुई औरतों पर दया करके दरवाजे के सामने से हट गयी थी । चौधरी बेसुध पड़े थे । जब उन्हें होश आया, ड्योढ़ी का परदा आँगन में सामने पड़ा था परन्तु उसे उठाकर फिर से लटका देने का सामर्थ्य उनमें शेष न था । शायद अब उसकी आवश्यकता भी न रही थी ।

## खण्ड 'ख'

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों के समीक्षात्मक उत्तर दीजिए : **3×12=36**

(क) 'गोदान' को आप यथार्थवादी उपन्यास मानते हैं या आदर्शवादी ? अपने मत को सबल तर्कों से स्पष्ट कीजिए ।

## खण्ड 'ग'

**3.** निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर **250** शब्दों में दीजिए : **3×5=15**

(क) बंग महिला का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

(ख) जैनेन्द्र कुमार के उपन्यासों की प्रमुख प्रवृत्तियों पर प्रकाश डालिए ।

(ग) श्रीमती मन्नू भण्डारी का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(घ) अज्ञेय की कहानियों की भाषा पर प्रकाश डालिए।

(ङ) उपन्यासकार के रूप में भगवतीचरण वर्मा का परिचय दीजिए ।

(च) यशपाल का जीवन परिचय दीजिए ।

(छ) अमृतलाल नागर की उपन्यास कला पर प्रकाश डालिए ।

(ज) पाण्डेय बेचन शर्मा 'उग्र' का संक्षिप्त जीवन-परिचय दीजिए ।

(झ) अमरकांत की किसी **एक** कहानी का परिचय दीजिए ।



## खण्ड 'घ'

**4.** निम्न वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **8×1=8**

(क) कुबरा मौलवी किस कहानी का पात्र है ?

(ख) 'पाजेब' कहानी मुख्यत: कौनसी शैली में लिखी गई है ?

(ग) 'रोज' कहानी का पहला शीर्षक क्या था ?

(घ) प्रेमचन्द का प्रारम्भिक नाम क्या है ?

(ङ) मेरीगंज गाँव में मलेरिया सेंटर किसने खुलवाया ?

(च) 'मैला आँचल' में किसी नारी पात्र का नाम बताइए ।

(छ) 'चित्र लेखा' उपन्यास किसकी कृति है ?

(ज) मन्नू भंडारी के पति का नाम बताइए ।